to non-availability of land. A Writ Petition filed by some land owners is pending in the Supreme Court.

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के कर्मचारियों के वेतन ढांचे आदि की जांच के लिए समिति

52. **श्री शरद यादव** : क्या संचार मंत्री 15 अप्रैल, 1987 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 179 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उस समिति ने जो महानगर टेलीफोन निगम में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन ढांचे तथा अन्य सुविधाओं, जिनमें कर्मचारियों की सेवा शर्तें भी शामिल हैं, की जांच करने हेतु गठित की गई थी, अपना प्रतिवेदन दे दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और समिति के सदस्यों के नाम क्या हैं ; और

(ग) क्या समिति की सिफारिशें उसी तारीख से लागू की जायेंगी, जब से महानगर टेलीफोन निगम बना है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे) : (क) जी, हां ।

(ख) ब्यौरे संलग्न विवरण में दिये गये हैं (नीचे देखिये) ।

(ग) वेतन ढांचा, सेवा शर्तों आदि से संबंधित संपूर्ण मामले पर स्टाफ यूनियनों के साथ बातचीत चल रही है । इस संबंध में अन्तिम निर्णय लिये जाने से पहले लोक उद्यम ब्यूरो और वित्त मंत्रालय आदि से परामर्श करना आवश्यक है ।

विवरण

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के निदेशक बोर्ड की उप समिति में निम्नलिखित सदस्य हैं :—

1. श्री सी० के० रेड्डी,

निदेशक, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड, एवं सदस्य (कार्मिक) दूर-संचार बोर्ड ।

2. श्री एम० पी० शुक्ला,

प्रबन्ध निदेशक, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड, नई दिल्ली ।

3. श्री एन० एन० कंसल,

उप महानिदेशक (ई.एफ.), दूरसंचार विभाग ।

4. श्री आर० सी० रस्तोगी,

वित्तीय सलाहकार, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड, नई दिल्ली ।

5. श्री एस० ए० रजा,

महाप्रबन्धक, (पी), महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड, नई दिल्ली ।

संयोजनक

इस समिति ने जनवरी, 1987 को हुई बैठक में सेवा नियमों मसौदे (महानगर टेलीफोन निगम लि० के कर्मचारियों के लिये) की जांच की । उप समिति के सुझावों को पूरा करने के बाद, इन नियमों को 30.3.1987 को हुई निदेशक बोर्ड की बैठक में रख दिया गया था ।

1153. [Transferred *to the 15th March*, 1988.]

Installation of Car Telephones

1154. SHRI AJIT P. K. JOGI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state;

(a) whether the proposal to install 'car telephones' has been recently revised as reported in the newspapers;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what would be the financial involvement and whether the gains to the society would be commensurate